# 1919: एक नई विश्व व्यवस्था

## 1. भूमिका

1919 का वर्ष विश्व इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ माना जाता है। प्रथम विश्व युद्ध (1914-1918) के समाप्त होने के बाद विश्व की राजनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक व्यवस्था में बड़े परिवर्तन आए। युद्ध ने यूरोप और विश्व की पुरानी शक्ति - संरचना को तोड़ दिया और नई विश्व व्यवस्था के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई। इसी कारण इतिहासकार 1919 को "नई विश्व व्यवस्था की शुरुआत" मानते हैं।

## 2) प्रथम विश्व युद्ध के परिणाम

प्रथम विश्व युद्ध में भारी जन-धन की हानि हुई। जर्मनी, ऑस्ट्रिया - हंगरी तुर्की और रूस जैसे साम्राज्य कमजोर हो गए या समाप्त हो गये। यूरोप की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई। और राजनीतिक अस्थिरता फैल गई। इस युद्ध ने यह स्पष्ट कर दिया कि पुरानी शक्ति - संतुलन की व्यवस्था असफल हो चुकी है।

## 3.) पेरिस शांति सम्मेलन 1919

1919 में पेरिस शांति सम्मेलन का आयोजन